(ख) यदि हां, तो देश में स्थापित किये जाने वाले प्रस्तावित नवोदय विद्यालयों की कुल संख्या कितनी है ;

(ग) गत शैक्षणिक सत्र में देश में स्थापित किये गये नवोदय विद्यालयों की कुल संख्या कितनी थी; और

(घ) क्या सरकार ने आगामी वर्षों में इन विद्यालयों की स्थापना के लिए कोई समयबद्ध योजना तैयार की है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा):** (क) जी, हां।

(ख) नवोदय विद्यालयों की योजना में देश के प्रत्येक जिले में औसतन एक नवोदय-विद्यालय की स्थापना की परिकल्पना की गई है।

(ग) 19 (उन्नीस)

(घ) फिलहाल, सरकार का उद्देश्य, सम्बन्धित राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों से अपेक्षित सुविधाओं सहित उपयुक्त प्रस्तावों तथा संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर, अगले तीन वर्षों के दौरान, यदि सम्भव हो, देश के प्रत्येक जिले में औसतन एक नवोदय विद्यालय स्थापित किए जाने का है।

**शिक्षा संबंधी लक्ष्य प्राप्त किया जाना**

319. **श्री राम जेठमलानी :**
**डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 20 मई, 1992 के "इंडियन एक्सप्रैस" में "यूनेस्को अर्जेस इंडिया टू मीट एजूकेशन टार्गेट" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि यूनेस्को के महानिदेशक और युनिसेफ के कार्यकारी निदेशक ने एक संयुक्त पत्र में शिक्षा के प्रसार और संवर्धन का लक्ष्य प्राप्त करके देश के विकास (आर्थिक तथा सामाजिक) की गति तेज करने का सरकार से आग्रह किया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने भी हाल ही में हुई अपनी बैठक में यह सिफारिश की है कि देश के सकल राष्ट्रीय उत्पाद का कम से कम 6% शिक्षा पर खर्च किया जाना चाहिए जबकि इस समय इस पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद का केवल 3.6% खर्च किया जा रहा है; और

(घ) यदि हां, तो आगामी वर्षों में इस शीर्ष के अंतर्गत धनराशि में वृद्धि करने के लिये सरकार की क्या योजना है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) :** (क) जी, हां।

(ख) यूनेस्को के महानिदेशक और यूनिसेफ के कार्यकारी निदेशक ने भारत सहित लगभग दर्जन विकासशील देशों के शासनाध्यक्षों को संयुक्त पत्र लिखे हैं, जिसमें उनसे अपने-अपने देश में और अन्तर्राष्ट्रीय रूप से शिक्षा की सफलता के सभी उपाय सुनिश्चित करने में व्यक्तिगत सहयोग प्रदान करने और अपने आपको संबद्ध करने का अनुरोध किया गया है। इस पत्र में यह स्वीकार किया गया है कि विशेषरूप से भारत में प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं।

(ग) केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने 5 तथा 6 मई, 1992 को नई दिल्ली में आयोजित अपनी 47वीं बैठक में अन्य बातों के साथ-साथ यह सिफारिश की कि शिक्षा के परिव्यय में राष्ट्रीय आय के 6% तक वृद्धि की जानी चाहिए।

(घ) शिक्षा पर राष्ट्रीय आय के 6 प्रतिशत के कुल परिव्यय के लक्ष्य की प्राप्ति अर्थ-व्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतियोगी दावों को पूरा करने के लिए राष्ट्रीय अर्थ-व्यवस्था की क्षमता पर निर्भर करता है ।

**व्यावसायिक पाठ्यक्रमों वाले महाविद्यालयों में फीस की राशि में वृद्धि**

320. **श्री रणजीत सिंह :**

**डा० जिनेन्द्र कुमार जैन :**

क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 26 जून, 1992 को "द हिन्दुस्तान "टाइम्स" में "वोकेशनल कालेज हाइक फी' शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा चालू वर्ष के दौरान अनुदानों की राशि में वृद्धि पर रोक लगाने का आदेश पारित किये जाने के बाद अधिकांश कालेजों ने फीस की राशि में वृद्धि कर दी है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि दिल्ली में कालेजों द्वारा प्रवेश के समय ली जाने वाली राशि में भी कई गुना वृद्धि की गई है; और

(घ) यदि हां, तो फीस की राशि में हुई इस वृद्धि से आम आदमी की शिक्षा पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग और संस्कृति विभाग) में उप मंत्री (कुमारी शैलजा) :** (क) जी, हां ।

(ख) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

**Meeting of Ministers of Culture of State Governments**

321. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR

SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE:

SHRIMATI VEENA VERMA:

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a meeting of Ministers of Culture of State Governments was held in New Delhi to consider the States role in cultural affairs;

(b) if so, what were the observations and suggestions made therein and what is Government's reaction thereto; and

(c) whether the States' role in the context of rising communalism and religious bigotry in certain Central Universities was also considered in the meeting, if so, what decisions were arrived at therein to curb such tendencies?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DEPARTMENT OF EDUCATION AND DEPARTMENT OF CULTURE) (KUMARI SELJA): (a) Yes Sir. A meeting of the Secretaries and Ministers of Culture was held in New Delhi on 25th and 26th May, 1992 to consider, among other, a summary of discussions on National policy on Culture.

(b) A Statement is enclosed. (*See* below) The Govt. would take them into account while formulating the policy.

(c) No, Sir.

**Statement**

Major recommendations made in the meeting were as follows:

(i) The Policy paper of culture, which was based on the recommendation made in the 10 Regional Seminar held in 1990 wherein Experts, Critics and Administrators participated to considersuch a policy, was generally endorsad.